आर.एन.आई नं. 69899/98

# दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 25 | अंक - 25 | उज्जैन, रविवार 18 दिसम्बर 2022 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रूपया


# पीमए मोदी ने क्यों कहा कि चीन ने घुसपैठ नहीं की?, तवांग झड़प को लेकर कांग्रेस ने पूछे ये सवाल



नईदिल्ली। कांग्रेस ने अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में भारत और चीन के सैनिकों के बीच हुई झड़प को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर फिर निशाना साधा। विपक्षी दल ने सवाल किया कि वह इस विषय पर संसद में चर्चा क्यों नहीं होने दे रहे और देश को भरोसे में क्यों नहीं ले रहे? पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह राजनीतिक कर्तव्य और नैतिक जिम्मेदारी है कि वह इस मुद्दे से जुड़े सवालों पर अपने मन की बात करें।

जयराम रमेश ने यह बयान उस वक्त दिया है, जब भाजपा अरुणाचल प्रदेश में चीनी सैनिकों की ओर से भारतीय सैनिकों की पिटाई करने संबंधी टिप्पणी को लेकर राहुल गांधी पर लगातार हमले कर रही है। भाजपा ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस को राहुल गांधी को फौरन पार्टी से निष्कासित करना चाहिए। भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने राहुल पर चीन और पाकिस्तान की भाषा बोलने का आरोप लगाया।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने अपने बयान में प्रधानमंत्री से सवाल पूछे। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री का राजनीतिक कर्तव्य और नैतिक जिम्मेदारी है कि वह इन सवालों पर अपने मन की बात करें। राष्ट्र जानना चाहता है। उन्होंने कहा कि आपने (पीएम मोदी) चीन के शीर्ष नेतृत्व के साथ 18 बार मुलाकात की है और हाल ही में शी चिनफिंग से बाली में हाथ भी मिलाया। ये हैं वो सवाल...

20 जून, 2020 को आपने (प्रधानमंत्री) क्यों कहा कि पूर्वी लद्दाख में चीन की ओर से कोई घुसपैठ नहीं हुई? आपने चीन को यह अनुमति क्यों दी कि वह हमारे सैनिकों को उन हजारों किलोमीटर के क्षेत्र में जाने से रोके जहां वे मई, 2020 से पहले नियमित रूप से गश्त किया करते थे? आपने माउंटेन स्ट्राइक कोर बनाने को लेकर 17 जुलाई, 2013 को कैबिनेट की ओर से मंजूर की गई योजना को क्यों त्याग दिया? आपने चीनी कंपनियों को पीएम केयर फंड में अंशदान क्यों देने दिया? आपने पिछले 2 वर्षों में चीन से आयात को रिकॉर्ड स्तर पर क्यों बढ़ने दिया? आप इस बात पर जोर क्यों दे रहे हैं कि सीमा के हालात और चीन से खड़ी हुई चुनौतियों पर संसद में चर्चा नहीं होनी चाहिए?

×ठ्ठड्ढह्यश्च; चीन ने तवांग

## 2024 तक अमेरिका की बराबरी कर लेगा भारत, भारत की सड़कों पर नितिन गडकरी का दावा





नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि साल 2024 खत्म होने से पहले भारत की सड़कें अमेरिका की तरह चमकने लगेंगी। फिक्की के 95वें वार्षिक सम्मेलन में बोलते हुए गडकरी ने कहा कि हम देश में वर्ल्ड लेवल सड़क ढांचा बना रहे हैं। रसद लागत पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि 2024 तक 9 फीसदी ले जाने का प्रयास करेंगे।

नितिन गडकरी ने कहा कि हम देश में विश्व स्तरीय सड़क ढांचा बना रहे हैं और आपसे वादा करते हैं कि 24 साल की समाप्ति से पहले हमारा सड़क ढांचा अमेरिकी मानक के बराबर हो जाएगा। उन्होंने कहा, हमारी रसद लागत एक बड़ी समस्या है। वर्तमान में यह 16 प्रतिशत है, लेकिन मैं आपसे वादा करता हूं कि 2024 के अंत तक हम इसे एक अंक तक ले जाएंगे, 9 प्रतिशत तक।

सड़क निर्माण के साथ पर्यावरण की भी चिंता- नितिन गडकरी ने कहा, हम जानते हैं कि निर्माण उद्योग न केवल पर्यावरण प्रदूषण में महत्वपूर्ण योगदान देता है बल्कि वैश्विक सामग्री और संसाधनों का 40 प्रतिशत भी संरक्षित करता है। हम संसाधनों की लागत को कम करने और निर्माण की गुणवत्ता में सुधार करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। जैसा कि हम जानते हैं कि पर्यावरण के लिहाज से स्टील खतरनाक है।

## सुपर पावर बनेंगे, पर किसी की जमीन नहीं कब्जाएंगे; राजनाथ का चीन को कड़ा संदेश



नई दिल्ली (एजेंसी)। तवांग सेक्टर पर चीनी दुस्साहस को लेकर देशभर में उबाल है। हालांकि सेना चीन की पीएलए सैनिकों को मुंहतोड़ जवाब दे चुकी है। अब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन को कड़ा संदेश दिया है। राजनाथ ने कहा कि हमारा लक्ष्य सुपर पावर बनना है लेकिन, इसकी एवज पर हम किसी दूसरे की जमीन पर कब्जा नहीं करेंगे। राजनाथ ने यह बयान चीन की विस्तारवादी नीति को लेकर दिया है।

तवांग सेक्टर पर हालिया हुए संघर्ष को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन को खरी-खरी सुनाई है। फिक्की के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजनाथ ने कहा, पीएम ने लाल किले से अपने संबोधन के दौरान देश को पांच प्रतिज्ञाओं के बारे में बताया था, जो भारत को सुपर पावर बनाने के लिए आवश्यक हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं माना जाना चाहिए कि हम किसी देश पर हावी होना चाहते हैं या कोई अन्य देश हमारी एक इंच जमीन पर भी कब्जा करने का इरादा रख सकता है।

चीन की टेढ़ी नजर- ताइवान का मुद्दा हो या अरुणाचल प्रदेश का तवांग सेक्टर। चीन की नजर हमेशा से ही दूसरे की सीमाओं पर रही है।

# 12 लाख देकर पाई रेलवे में नौकरी, अब 150 दिन से जेल में काट रहा सजा




नई दिल्ली (एजेंसी)। अगर आपको भी पैसों के एवज पर सरकारी नौकरी के लिए ऑफर आता है तो पैसे देने के बजाय इस खबर को जरूर पढ़ लें। चेन्नई के एक शख्स ने रेलवे में टिकट कलेक्टर की नौकरी के लिए 12 लाख रुपये की रिश्वत दी। लेकिन नौकरी तो दूर, इस वक्त वह यूपी की काल कोठरी में 150 से ज्यादा दिनों से जेल की सजा काट रहा है। वह फर्जी रेलवे आईजी कार्ड और ड्यूटी पास के साथ पकड़ा गया था। उसे धोखेबाजों ने रेलवे में नौकरी का भरोसा दिलाया था।

ये वाकया हुआ है चेन्नई में रहने वाले इंजीनियर एस सूर्यप्रतापन के साथ। विल्लीवक्कम निवासी सूर्याप्रतापन की शादी को अभी एक साल भी नहीं हुआ है। एक सालभर पहले तक मेट्रोवाटर में संविदा कर्मचारी के पद पर था। उसका परिवार उसे स्थायी नौकरी दिलाने के लिए लगातार दबाव बना रहा था। 2022 की शुरुआत में एक शख्स ने उसे केंद्रीय मंत्री के कोटे का लालच दिया और रेलवे में सरकारी नौकरी की पेशकश दी।

12 लाख की रिश्वत और लखनऊ में हुई डील- दोनों के बीच 12 लाख रुपए में डील हुई थी। शख्स सूर्यप्रतापन को वरिष्ठ रेलवे अधिकारी से मिलने के लिए लखनऊ ले गया। सूर्यप्रतापन को एक रेलवे आईडी कार्ड, ज्वाइनिंग लेटर, ड्यूटी पास और एक सर्विस बुक दी गई। 14 अप्रैल को, उनके परिवार को लखनऊ पुलिस से एक फोन कॉल आया जिसमें कहा गया था कि सूर्यप्रतापन को धोखाधड़ी के एक मामले में गिरफ्तार किया गया है और उसका आईडी कार्ड, ज्वाइनिंग लेटर और दस्तावेज फर्जी हैं।

## दुश्मन की पनडुब्बी को ढूंढ़कर तबाह कर देगा स्वदेशी मोरमुगाओ, जानें इसकी खूबियां



नई दिल्ली (एजेंसी)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार को स्वदेश निर्मित युद्धपोत 'मोरमुगाओ' को नौसेना में शामिल करेंगे। गाइडेड मिसाइल से लैस यह युद्धपोत दुश्मन की पनडुब्बी को पलक झपकते ही डुबो देने में सक्षम है। हिंद महासागर में चीन के बढ़ते दखल के बीच भारत की समुद्री ताकत बढ़ाने में यह युद्धपोत अहम योगदान देगा।

युद्धपोत को भारतीय नौसेना के 'वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो' ने डिजाइन किया है। इसका निर्माण मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड, मुंबई द्वारा किया गया है। मोरमुगाओ का नाम पश्चिमी तट पर गोवा के ऐतिहासिक बंदरगाह शहर के नाम पर रखा गया है। मोरमुगाओ को पिछले साल 19 दिसंबर को पहली बार समुद्र में उतरा गया था, इसी दिन गोवा में पुर्तगाली शासन से मुक्ति पाने के 60 साल पूरे हुए थे। लगभग एक साल से समुद्र में इसका परीक्षण जारी था।

भारतीय नौसेना के अनुसार यह युद्धपोत दूरसंवेदी उपकरणों, आधुनिक रडार और सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल जैसी हथियार प्रणालियों से लैस है। नौसेना ने बताया कि इस युद्धपोत की लंबाई 163 मीटर, चौड़ाई 17 मीटर तथा वजन 7,400 टन है। इसे भारत द्वारा निर्मित सबसे घातक युद्धपोतों में गिना जा सकता है।

## गैंगस्टर हैरी चड्ढा का अब इस्तेमाल करेगी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी ISI, हरविंदर रिंदा की लेगा जगह




नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई अब आतंकी हरविंदर रिंदा की मौत के बाद उसकी जगह गैंगस्टर हैरी चट्ठा का इस्तेमाल पंजाब का माहौल खराब करने के लिए करेगी। गैंगस्टर हैरी चट्ठा जर्मनी से पाकिस्तान पहुंच गया है। इंटेलिजेंस इनपुट मिलने के बाद पंजाब पुलिस अलर्ट हो गई है। पंजाब पुलिस के इंटेलिजेंस विंग को मिले इनपुट के मुताबिक हैरी चड्ढा रिंदा की मौत के अगले ही दिन यानि 15 दिसंबर को पाकिस्तान पहुंच गया था।

# मध्यप्रदेश बन रहा है अब निवेश का बड़ा केंद्र-मुख्यमंत्री श्री चौहान



भोपाल। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश अब निवेश का बड़ा केंद्र बन रहा है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश में निवेश की संभावनाएँ तलाशी जा रही हैं। आगामी 8, 9 एवं 10 जनवरी को इंदौर में होने वाले प्रवासी भारतीय सम्मेलन में 80 देशों के प्रवासी भारतीय शामिल होंगे। साथ ही 11 और 12 जनवरी को इन्वेस्टर्स समिट में शामिल होने के लिए 52 देशों द्वारा स्वीकृति दे दी गई है। मध्यप्रदेश की धरती पर 5जी सेवाएँ शुरू हो गई हैं।

मुख्यमंत्री श्री चौहान आज कटनी में लघु उद्योग भारती के स्टार्टअप कॉन्क्लेव 2022 में युवाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शासकीय योजनाओं की जानकारी देने वाले क्यूआर कोड भी लॉन्च किया।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि राज्य सरकार स्टार्टअप और एमएसएमई को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक प्रकार की सुविधाएँ दे रही है। प्रदेश की स्टार्टअप नीति में नए स्टार्टअप्स को एक करोड़ रूपए तक की विशेष प्रोत्साहन सहायता का प्रावधान किया गया है। इनोवेटिव आइडिया होने पर बैंक से केपिटल फंड की भी व्यवस्था की जाती है। प्रदेश में स्टार्टअप्स को सहायता करने के लिए विशेषज्ञों का स्टार्टअप सेंटर भी बनाया गया है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि देश को स्वावलंबी बनाने में लघु उद्योग भारती के प्रयास सराहनीय हैं। प्रदेश में एमएसएमई की इकाई डालने पर केपिटल सब्सिडी, सस्ती जमीन, पूँजी, ब्याज सब्सिडी आदि सहायता दी जाती है। हाल ही में एक दिन में ही प्रदेश में 1900 लघु औद्योगिक इकाइयों का भूमि-पूजन किया गया। अब 5 हजार उद्योगों के प्रारंभ होने की तैयारी है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने युवाओं से प्रदेश में स्टार्टअप शुरू करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वे नौकरी करने वाले नहीं, नौकरी देने वाले बनें। अपना खुद का काम-धंधा शुरू करें। सरकार उसमें पूरी सहायता देगी। स्टार्टअप लगाने में बेटियों को सरकार द्वारा 20 प्रतिशत अतिरिक्त सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने युवाओं से कहा कि यदि दृढ़निश्चय कर लें तो उन्हें आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। भारत के श्री सुंदर पिचई ने चमत्कार कर दिखाया है।

# पाकिस्तान से आजादी मांग रहे PoK के लोग, बांग्लादेश की स्वतंत्रता का जश्न मनाकर दिया संदेश





नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के लोग आजादी की मांग कर रहे हैं। पीओके में लंबे समय से आजादी को लेकर जगह-जगह पर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इस बार उन्होंने बांग्लादेश की स्वतंत्रता का जश्न मनाकर पाकिस्तान को एक बड़ा संदेश दिया है। बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम को चिह्नित करने के लिए शुक्रवार को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के बाग और हजीरा में प्रदर्शन आयोजित किए गए। बता दें कि आज का बांग्लादेश कभी पूर्वी पाकिस्तान हुआ करता था। लेकिन एक लंबे संघर्ष के बाद पूर्वी पाकिस्तान को पाकिस्तान से अलग कर बांग्लादेश राष्ट्र का निर्माण किया गया। भारत ने इसमें बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

हकीकी आजादी की मांग कर रहे पीओके के लोग- अब पीओके के लोग भी पाकिस्तान से आजादी मांग रहे हैं। पीओके के प्रदर्शनकारी अपने यहां की मौजूदा स्थिति की तुलना तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान से कर रहे हैं। इस्लामाबाद में बैठे लोग उन पर हर दिन अत्याचार कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि पंजाबी पाकिस्तानी शासन के तहत पीओके के मौजूदा हालात दयनीय हैं। लोगों ने हकीकी आजादी (सची आजादी) के नए आह्वान के साथ पाकिस्तान के खिलाफ नारे लगाए गए।

इस बार क्यों खास है PoK के लोगों का विरोध प्रदर्शन- यह पहला मौका था जब पीओके में 16 दिसंबर को इस तरह का विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। पचास साल पहले, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद 16 दिसंबर सबसे बड़े सैन्य आत्मसमर्पण का दिन है।


16 दिसंबर, 1971 में पाकिस्तानी सेना के 93,000 सैनिकों ने भारतीय सेना के सामने अपने हथियार डाल दिए थे और इसी के साथ बांग्लादेश (पूर्वी पाकिस्तान) को मुक्ति मिली। तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान के मुख्य मार्शल लॉ प्रशासक और पाकिस्तानी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल आमिर अब्दुल्ला खान नियाजी ने 16 दिसंबर 1971 को समर्पण के दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए थे। भारत में हर साल 16 दिसंबर को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है।

PoK में आई आजादी के नारों में तेजी- हाल के महीनों में, पीओके में लगातार पाकिस्तान और पाकिस्तानी सेना विरोधी प्रदर्शनों को देखा गया है जिससे वहां अशांति का माहौल भी बना है।

एशियन लाइट इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, इस महीने की शुरुआत में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की तरफ से PoK के प्रधानमंत्री सरदार तनवीर इलियास का अपमान किया गया था जिसके बाद वहां आजादी के नारों में तेजी आई है। ये नया घटनाक्रम एक वीडियो के वायरल होने के बाद शुरू हुआ है।

वीडियो में शहबाज शरीफ एक कार्यक्रम के दौरान पीओके के प्रधानमंत्री तनवीर इलियास का अपमान करते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद, प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान के शासन से आजादी की मांग वाले नारे लगाए।

# हर देश अपना फैसला खुद करेगा, पुतिन के साथ पीएम मोदी की बातचीत पर आया अमेरिका की प्रतिक्रिया



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की फोन वार्ता के बाद अब अमेरिका का भी बयान आया है। अमेरिका ने बातचीत का स्वागत किया है। पीएम मोदी ने शुक्रवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से टेलीफोन पर बात की और अपने इस आह्वान को दोहराया कि यूक्रेन संकट हल करने के लिए बातचीत और कूटनीति ''एकमात्र रास्ता'' है। अमेरिका ने पीएम मोदी के आह्वान का स्वागत किया।


अमेरिकी विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत ने कहा, ÷हम पीएम मोदी के कहे शब्दों का स्वागत करते हैं। जब वे हकीकत बनेंगे तो उन टिप्पणियों का स्वागत करेंगे। रूस के साथ संबंधों पर अन्य देश भी अपना निर्णय लेंगे। हम युद्ध के प्रभावों को कम करने के लिए सहयोगियों के साथ समन्वय करना जारी रखेंगे।÷ पटेल ने ये टिप्पणी रूस-यूक्रेन के बीच जारी युद्ध को लेकर भारत की स्थिति और जंग को खत्म करने के लिए पीएम मोदी के आह्वान पर एक सवाल के जवाब में की।

इससे पहले भारत-रूस के नेताओं ने इसके साथ ही ऊर्जा, व्यापार और रक्षा के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा भी की। रूस के एक बयान में कहा गया है कि पुतिन ने ''मोदी के अनुरोध पर यूक्रेन को लेकर रूस के रुख का बुनियादी आकलन'' पेश किया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन को जी-20 की भारत की मौजूदा अध्यक्षता के बारे में जानकारी दी और इसकी प्रमुख प्राथमिकताओं पर प्रकाश डाला। यह इस साल दोनों नेताओं के बीच पांचवीं टेलीफोन वार्ता थी। दोनों नेताओं ने 24 फरवरी, दो मार्च, सात मार्च और एक जुलाई को फोन पर बातचीत की।

## डोनाल्ड ट्रम्प को झटका, तीन क्रिमिनल केस में मुकदमा चलाने की हो रही तैयारी

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुश्किल बढ़ने वाली हैं। एक तरफ वे अगले राष्ट्रपति चुनाव की तैयारी कर रहे हैं, दूसरी ओर पिछले साल 6 जनवरी को हुई घटना को लेकर जांच पैनल ट्रंप के खिलाफ क्रिमिनल केस में मुकदमे की तैयारी कर रहा है। पैनल तीन आरोपों पर गंभीरता से विचार कर रही है और सोमवार तक सार्वजनिक तौर पर इनकी सिफारिश कर सकता है। डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ आरोपों में विद्रोह, आधिकारिक कार्यवाही में बाधा और संघीय सरकार को धोखा देने की साजिश शामिल है।

# अंतरराष्ट्रीय घोटाले का पर्दाफाश, CBI और दिल्ली पुलिस ने FBI की मदद की





नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली पुलिस और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने तकनीकी सहयोग मुहैया कराने के बहाने करीब 10 साल में हजारों अमेरिकियों, विशेषकर बुजुर्गों को ठगने वाले एक अंतरराष्ट्रीय गिरोह का भंडाफोड़ करने में अमेरिका के संघीय जांच ब्यूरो की मदद की है। सीबीआई और दिल्ली पुलिस ने इस सप्ताह नई दिल्ली के हर्षद मदान (34) और फरीदाबाद निवासी विकास गुप्ता (33) को गिरफ्तार किया। नई दिल्ली निवासी तीसरा आरोपी गगन लांबा (41) अभी फरार है। जगन का भाई जतिन लांबा भी पुलिस की हिरासत में है।

इन सभी पर दूरसंचार या इंटरनेट सेवा (वायर) और कंप्यूटर का इस्तेमाल कर धोखाधड़ी करने का आरोप है। अमेरिका के अटॉर्नी फिलप आर सेलिंगर ने एक बयान जारी कर इस घोटाले का भंडाफोड़ करने में उनकी सहायता करने के लिए सीबीआई और दिल्ली पुलिस को धन्यवाद दिया। भारतीय-अमेरिकी मेघना कुमार (50) ने इस मामले में इस सप्ताह अपने आरोप स्वीकार किए थे।

कनाडा के प्राधिकारियों ने गिरफ्तार किया इसके बाद, वे उन्हें फर्जी कंप्यूटर मरम्मत सेवाओं के लिए उन्हें सैकड़ों या हजारों डॉलर का भुगतान करने के लिए राजी करते थे। संघीय अभियोजकों ने कहा कि इस तरह आरोपियों ने कम से कम 20,000 पीड़ितों से एक करोड़ डॉलर से अधिक वसूले।

# कोरोना से हुई मौत को निमोनिया बता रहा चीन, पाबंदियों में छूट के बाद बढ़ी मृतकों की संख्या



नई दिल्ली (एजेंसी)। चीन में कोरोना वायरस से हुई मौत के मामले एक बार फिर बढ़ रहे हैं लेकिन सरकार इन पर पर्दा डालने की पुरजोर कोशिश कर रही तथा मृत्यु प्रमाणपत्र में मौत की वजह कोरोना वायरस के बजाय अन्य बीमारियों को बता रही है। पूर्वी बीजिंग में एक शवदाहगृह के बाहर शुक्रवार शाम को कई लोग कड़ाके की ठंड में खड़े रहे और जब सुरक्षात्मक उपकरण पहने हुए कर्मी मृतक का नाम पुकारते तो एक रिश्तेदार ताबूत के पास आकर शव की शिनाख्त करता। इनमें से एक रिश्तेदार ने बताया कि उनका प्रियजन कोविड-19 से संक्रमित था। चीन में कोरोना वायरस से कोई मौत न होने की खबर आने के हफ्तों बाद फिर से संक्रमण से मौत होने के मामले बढ़ रहे हैं। ये मामले ऐसे वक्त में बढ़ रहे हैं जब सरकार ने व्यापक विरोध प्रदर्शनों के बीच पिछले महीने कोविड-19 से जुड़ी सख्त पाबंदियों में ढील देना शुरू कर दिया। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कितने लोगों की संक्रमण से मौत हो रही है। एक महिला ने बताया कि उनकी बुजुर्ग रिश्तेदार दिसंबर के शुरुआत में बीमार पड़ी थी तथा कोरोना वायरस से संक्रमित पाई गई थी तथा शुक्रवार सुबह एक आपातकालीन वार्ड में उनकी मौत हो गई।

कोरोना की जगह निमोनिया बताया जा रहा- उन्होंने कहा कि आपातकालीन वार्ड में कई संक्रमित मरीज भर्ती थे लेकिन उनकी देखभाल के लिए पर्याप्त नर्स नहीं थीं। महिला ने कार्रवाई के डर से अपना नाम न उजागर करने का अनुरोध किया।

## FY के पहले 5 महीनों में ही पाकिस्तान की हालत खस्ता, 50% से ज्यादा गिरा FDI; चीन ने भी दिखाई बेरुखी



नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान में राजनीतिक अस्थिरता के बीच जहां एक तरफ लोग महंगाई और आतंकी गतिविधियों से त्रस्त हैं, वहीं दूसरी तरफ देश की आर्थिक स्थिति दिन-ब दिन खस्ता होती जा रही है। हालत यह है कि पाकिस्तान में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश नए वित्तीय वर्ष के पहले ही पांच महीनों (जुलाई से नवंबर) में 50 फीसदी से ज्यादा गिर गया है।

पाकिस्तान सेंट्रल बैंक के मुताबिक, नए वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों में FDI आधे से ज्यादा गिरकर 430.1 मिलियन डॉलर पर पहुंच गया है, जो पिछले साल इसी अवधि में 884.9 मिलियन डॉलर था। आंकड़ों से पता चलता है कि नवंबर महीने में ही प्रत्यक्ष विदेशी निवेश करीब 48 फीसदी की गिरावट के साथ 81.8 मिलियन डॉलर रही, जो पिछले साल इसी महीने में 158.4 मिलियन डॉलर थी।


# यूक्रेन में फिर बजे एयर रेड सायरन, अधिकारियों ने लोगों को दी शेल्टर्स में जाने की सलाह



नई दिल्ली (एजेंसी)। रूस और यूक्रेन के बीच चल रहा युद्ध नाजुक दौर से गुजर रहा है। इस बीच शनिवार को यूक्रेन की राजधानी कीव समेत विभिन्न शहरों में एयर रेड सायरन सुनाई दिया। अधिकारियों ने इस मामले की जानकारी दी। गौरतलब है कि एक दिन पहले ही रूस ने यहां पर घातक मिसाइल हमला किया था। इस हमले में यूक्रेन कई बुनियादे ढांचे तबाह हो गए थे। इसके अलावा रूसी हमलों के चलते यहां पर बिजली की कटौती की गंभीर समस्या का भी सामना करना पड़ रहा है, जिससे ठंड में यूक्रेनवासियों की परेशानी में इजाफा हो रहा है।

आसमान में देखे गए कई रूसी लड़ाकू विमान यूक्रेन में एयर रेड सायरन की आवाज सुने जाने के बाद कीव शहर के सैन्य प्रशासन ने टेलीग्राम पर संदेश प्रसारित किया। इस संदेश में लोगों से शेल्टर्स में जाने की गुहार लगाई गई है। बेलारूस में सैन्य गतिविधियों की निगरानी करने वाले बेलारूसियन सोशल मीडिया अकाउंट हाजुन ने इसकी जानकारी दी है। इस बीच बेलारूस से उत्तरी यूक्रेन के ऊपर तक कई रूसी लड़ाकू विमानों को उड़ान भरते देखा गया है। इस बीच मध्य यूक्रेन के शहर क्रिवी रिह में रूस के हालिया हमले के बाद आपात कर्मियों ने शनिवार को जीवित लोगों की तलाश अभियान के दौरान मलबे से एक बच्चे का शव निकाला। यूक्रेन के अधिकारियों के अनुसार, यह मिसाइल क्षेत्र में दागी गई 16 मिसाइलों में से एक थी, जिससे यूक्रेन के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया था।

# अचानक क्यों हो रहीं इतनी मौतें? अवतार 2 देखते समय आया हार्ट अटैक, चली गई युवक की जान



नई दिल्ली (एजेंसी)। पिछले कुछ दिनों में अचानक से हार्ट अटैक आने की घटनाओं में इजाफा हुआ है। किसी की मौत चलते-चलते हो गई तो कोई डांस करते समय अचानक गिर गया और फिर उसकी जान चली गई। एक्सपर्ट्स ऐसी घटनाओं पर नजर बनाए हुए हैं। हालांकि, अब तक कोई ठोस वजह निकलकर सामने नहीं आई है कि आखिर ऐसा क्यों हो रहा है। अब हार्ट अटैक की घटना आंध्र प्रदेश से सामने आई है।

आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले के पेद्दापुरम शहर में हाल ही में रिलीज हुई फिल्म अवतार 2 देखते समय एक व्यक्ति की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। लक्ष्मीरेड्डी श्रीनू के रूप में पहचाने जाने वाले पीड़ित अपने भाई राजू के साथ पेद्दापुरम में हाल ही में रिलीज हुई फिल्म अवतार 2 देखने गए थे। इंडिया टुडे के अनुसार, श्रीनू को फिल्म के बीच में हार्ट अटैक आ गया। उसके छोटे भाई राजू उसे तुरंत पेद्दापुरम सरकारी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

लक्ष्मीरेड्डी श्रीनू के परिवार में एक बेटी और एक बेटा है। वहीं, ताइवान में एक 42 वर्षीय व्यक्ति की 2010 में रिलीज हुई फिल्म अवतार के पहले पार्ट को देखने के दौरान दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई थी। उस आदमी का हाई ब्लड प्रेशर का इतिहास रहा था। चेकअप करने वाले डॉक्टर के अनुसार, फिल्म देखने की वजह से वह ओवर एक्साइटेड हो गया था।


## पेशेवर बुनकरों के लिए कर्नाटक सरकार ने उठाए महत्वपूर्ण कदम, अपनी इकाई स्थापित करने पर मिलेगी 50 फीसदी सब्सिडी



नई दिल्ली (एजेंसी)। कर्नाटक सरकार ने राज्य में पेशेवर बुनकरों के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई की अध्यक्षता में शनिवार को हुई बैठक में राज्य में बुनकरों को अपनी इकाइयां शुरू करने के लिए 50 प्रतिशत सब्सिडी देने और बुनकरों की बस्तियों में रहने वाले बुनकरों के लिए दखल प्रमाण पत्र जारी करने का फैसला लिया गया है। इस बैठक में बुनकरों की विभिन्न मांगों पर अन्य कई महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए हैं।

बुनकरों के लिए रियायत देने का आदेश जारी- बैठक के बाद मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक बायान जारी किया, जिसमें कहा गया है कि बैठक में लिए गए अन्य फैसलों में कर्नाटक राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से उन बुनकरों के लिए रियायत देने का आदेश जारी करना शामिल है जो घर पर बुनाई कर रहे हैं।

# YSRCP-TDP कार्यकर्ताओं में झड़प, गाड़ियां फूंकी, चली लाठियां; धारा 144 लागू



नई दिल्ली (एजेंसी)। आंध्र प्रदेश के पलनाडु जिले के माचेरला में शुक्रवार को इधेमी कर्मा के दौरान सत्ताधारी पार्टी युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) और तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। दोनों पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे पर लाठी और पत्थरों से हमला बोल दिया। कई गाड़ियां फूंक दी। इलाके में तोड़-फोड़ की। पुलिस को लाठीचार्ज करके भीड़ को तितर-बितर करना पड़ा। इलाके में धारा 144 लागू कर दी गई है। साथ ही कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

यह घटना तब हुई जब माचेरला पार्टी के प्रभारी जुलाकांति ब्रह्म रेड्डी के नेतृत्व में तेलुगु देशम पार्टी के समर्थक इधेमी कर्मा कार्यक्रम में भाग ले रहे थे। डेक्कन क्रॉनिकल ने बताया कि बीच में, वाईएसआरसीपी और टीडीपी कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे पर पत्थरों और लाठियों से हमला किया और कई लोग घायल हो गए।

पुलिस ने कथित तौर पर मौके पर पहुंचकर झड़प के बाद बनी भीड़ को तितर-बितर कर दिया। उन्होंने रेड्डी को भी गिरफ्तार कर लिया। समाचार एजेंसी एएनआई द्वारा शेयर किए गए विजुअल्स से पता चलता है कि लोग कारों में आग लगा रहे थे और इलाके में तोड़फोड़ कर रहे थे।

पलनाडु के पुलिस अधीक्षक वाई रवि शंकर रेड्डी के अनुसार, आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया और जानबूझकर पत्थरों से हमला किया। उन्होंने कहा, यह पूरी तरह से गुटीय लड़ाई है, राजनीतिक लड़ाई नहीं। ये गुटीय हमले पिछले 20 से 30 वर्षों से इस क्षेत्र में जारी हैं। आज सुबह से वहां एक घेरा तलाशी ली गई। वेल्दुर्थी से संबंधित गुट का आपराधिक इतिहास माचेरला शहर में रह रहा था।

हालांकि, उन्होंने कहा कि स्थिति नियंत्रण में है और इसमें शामिल लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा, कस्बे में धारा 144 लागू है।

# छोटे मामलों को भी देखना हमारी ड्यूटी, कानून मंत्री की टिप्पणी पर CJI की दो टूक



नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि उसके लिए कोई मामला छोटा नहीं है, यदि व्यक्तिगत स्वतंत्रता का मामला होगा तो हम उसमें जरूर हस्तक्षेप करेंगे। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि अगर हम व्यक्तिगत स्वतंत्रता के मामलों में कार्रवाई नहीं करते हैं और राहत नहीं देते तो हम यहां क्या कर रहे हैं।

मुख्य न्यायाधीश की यह टिप्पणियां कानून मंत्री किरेन रिजिजू के गुरुवार को संसद में दिए गए बयान के बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट को जमानत याचिकाओं और फालतू पीआईएल पर सुनवाई नहीं करनी चाहिए, बल्कि संवैधानिक मसलों की सुनवाई करनी चाहिए।

मुख्य न्यायाधीश की पीठ एक मामले की सुनवाई कर रही थी जिसमें व्यक्ति को बिजली की चोरी के लिए कुल 18 साल की लगातार सजा काटने का आदेश दिया गया। आरोपी ने प्ली बार्गेनिंग स्वीकार कर ली थी और उसे नौ मामलों में से प्रत्येक में दो साल की सजा सुनाई गई। अधिकारियों ने माना कि सजाएं एकसाथ के बजाय एक के बाद एक चलती हैं, जिसके परिणामस्वरूप कुल 18 साल की सजा होती है।

सीजेआई चंद्रचूड़ की पीठ ने कहा मामला बिल्कुल चौंकाने वाला है। अपीलकर्ता पहले ही सात साल की सजा काट चुका है। इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा यह आदेश देने से इनकार करने के बाद अपीलकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया कि उसकी सजा एकसाथ चलनी चाहिए। पीठ ने कहा यदि सुप्रीम कोर्ट को इस मामले में हस्तक्षेप नहीं करना है तो हम यहां किसलिए हैं। हम व्यक्तिगत स्वतंत्रता के मामलों में हस्तक्षेप नहीं करते हैं और हम इस व्यक्ति की रिहाई का आदेश नहीं देते हैं तो हम यहां किसलिए हैं। ऐसे में हम संविधान के अनुच्छेद 136 का उल्लंघन कर रहे हैं।

## आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत नागरिकों के 4 करोड़ से अधिक हेल्थ रिकॉर्ड किए गए डिजिटाइज- मनसुख मंडाविया





नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने शनिवार को कहा कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन ने डिजिटल रूप से जुड़े स्वास्थ्य रिकॉर्ड के 4 करोड़ के लैंडमार्क को पार कर लिया है। मंडाविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार एक ऐसे स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है और स्वस्थ भारत के लिए मजबूत, अंतरसंचालनीय और समावेशी डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र आवश्यक है।

29 करोड़ से अधिक लोगों ने बनाए स्वास्थ्य खाते- मंडाविया ने एक ट्वीट में कहा, माइलस्टोन मोमेंट! आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन ने डिजिटल रूप से जुड़े 4 करोड़ स्वास्थ्य रिकॉर्ड के लैंडमार्क को पार कर लिया है।

पीएम नरेन्द्र मोदी जी की सरकार एक स्वस्थ भारत के लिए एक मजबूत, अंतर-संचालनीय और समावेशी डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रमुख योजना आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) देश के लिए एक व्यापक डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण में लगातार प्रगति कर रही है।

# देश की पहली रैपिड रेल ट्रायल को तैयार, अगले साल मार्च में साहिबाबाद से दुहाई तक दौड़ेगी ट्रेन



नई दिल्ली (एजेंसी)। देश की पहली रैपिड रेल प्राथमिक खंड के ट्रायल के लिए तैयार है। एनसीआरटीसी ने ट्रायल की सभी तैयारी पूरी कर ली है। अगले 15 दिन में ट्रायल शुरू हो जाएगा। रैपिड रेल अगले साल मार्च में साहिबाबाद से दुहाई तक दौड़ने लगेगी। प्राथमिक खंड 17 किलोमीटर लंबा है। रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। 82 किलोमीटर लंबे पूरे कॉरिडोर पर वर्ष 2025 तक रैपिड रेल चलाने का दावा किया जा रहा है।

गाजियाबाद में कॉरिडोर के 17 किमी लंबे प्राथमिक खंड (साहिबाबाद -दुहाई) पर मार्च 2023 तक रैपिड रेल चलाई जाएगी। इसके लिए यह खंड बनकर तैयार हो गया। ट्रायल की तैयारी भी पूरी हो गई है। रेलवे ट्रैक लगभग बिछकर तैयार है। प्राथमिकता खंड में साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई और दुहाई स्टेशन डिपो स्टेशन शामिल हैं। सभी स्टेशन का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है।

साहिबाबाद स्टेशन पर लिफ्ट लगाने का काम पूरा- साहिबाबाद स्टेशन की लंबाई 215 मीटर और चौड़ाई 25 मीटर है। इसमें ग्राउंड, कॉनकोर्स और प्लेटफॉर्म लेवल है। इस स्टेशन का सिविल कार्य पूरा हो गया है। यात्रियों की सुरक्षा के लिए प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर लगाने का काम पूरा हो गया है। एस्केलेटर और लिफ्ट लगाने का काम चल रहा है।

स्टेशन में तीन प्रवेश/निकास द्वार बनाए जा रहे हैं। एक प्रवेश निकास द्वार साहिबाबाद बस अड्डे की ओर,दूसरा वसुंधरा की ओर और तीसरा साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र की ओर बनाया जा रहा है।ओएचई का काम अंतिम चरण में है।

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in
24x7 News portal

सर्वे भवन्तु सुखिनः

उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

हिन्दकुश मीडिया

jagrayam.com
online news magazine

hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

जीवन हमेशा एक कश्ती की तरह चलता रहता है। कभी बीच में तो कभी किनारे पर ।

पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 पोष कृष्ण दशमी


## संपादकीय

# हमारी नीति तटस्थता नहीं, मित्रता की है




मुझे प्रसन्नता है कि हम किसी भी गुट में सम्मिलित न होने वाली नीति पर कायम हैं। मैंने तो कई बार कहा है कि हमारे जैसे लोकतंत्रीय देश में यह सबसे अच्छी नीति है। हम चाहते हैं कि संसार में शांति हो और उसके रास्ते की कठिनाइयों को हटाया जाए। आजकल हमारे पड़ोसियों के साथ संबंधों पर बातचीत चल रही है। चीन और पाकिस्तान की बात है। मेरा निवेदन यह है कि पाकिस्तान के साथ निपटने का केवल एक ही ढंग है कि भारत पर किए जाने वाले उसके हमलों को बंद कराया जाए। उसे वह ढंग बताया जाए, जिससे कोई राष्ट्र सभ्य बनकर भी रह सकता है।

...कश्मीर का प्रश्न बड़ा महत्वपूर्ण है और हमें इस मामले में बहुत सतर्क रहना चाहिए। यदि इस दिशा में हम तनिक भी शिथिल हुए, तो स्थिति बहुत ही भयावह हो जाएगी। पाकिस्तान संभव है कि 1947 वाली स्थिति पुनः पैदा करने की कोशिश करे और कहे कि वह कश्मीर में भारतीय अत्याचार से अपने धर्मभाइयों को मुक्त करने आया है। ...वास्तविकता यह है कि पाकिस्तान ने हमारी 40,000 वर्ग मील भूमि पर कब्जा कर रखा है। गत 12 वर्षों में एक दिन भी ऐसा नहीं गुजरा है, जब दोनों देशों के बीच शांति रही हो।

दूसरी समस्या हिंद चीनी की है। ...माननीय विदेश मंत्री ने ठीक ही कहा है कि इसे सुलझाने के लिए जेनेवा के 14 राष्ट्रों का सम्मेलन बुला लिया जाए। मेरा निवेदन है कि हम इस दिशा में काफी उत्तरदायित्वपूर्ण काम कर रहे हैं। ...यह ठीक है कि हम गांधीवादी राष्ट्र हैं, परंतु इसका यह मतलब कभी भी नहीं है कि हम हर हालत में शांतिप्रिय हैं। दूसरा हमें यह भी ध्यान रखना है कि साम्राज्यवाद आज भी एक न एक रूप में उभरने का प्रयत्न कररहा है। मेरा मत यह है कि जब तक संसार में दो गुट बने रहेंगे, और प्रत्येक की संसार को नष्ट करने की क्षमता बनी रहेगी, तब तक खिंचाव और तनाव रहेगा। हमारे लिए यह बहुत ही जरूरी है कि हम दोनों गुटों से अलग रहें। हमें कभी भी भूलना चाहिए कि हम ऐसे विश्व में रह रहे हैं, जहां बड़े विनाशकारी तत्व मौजूद हैं। ऐसी हालत में हर देश का कर्तव्य है कि वह तनाव को कम करने की दिशा में यथाशक्ति सहयोग प्रदान करे।

...हमारे देश की नीति अन्य देशों के साथ मित्रता की नीति है, जिसे मोटे तौर पर गुटों से अलग रहने की नीति कहा जाता है। यह अच्छा होता, यदि शुरू से हमने अपनी नीति को यह नाम दिया होता, परंतु यह बाद में किया गया। जब हम पर अन्य लोगों ने यह तानाकशी की कि हम तभी तक तटस्थ हैं, जब तक कि कोई मुसीबत हमारे गले नहीं पड़ती है, तो फिर हमने यह कहना शुरू किया कि हम तटस्थ नहीं हैं, क्योंकि तटस्थता तो दो देशों के बीच वास्तविक युद्ध की स्थिति में होती है, हम तो दो सशस्त्र गुटों से अलग हैं। जब तक संसार में दो ऐसे गुट हैं, जिनमें से प्रत्येक की क्षमता संसार को नष्ट करने की है, तो इसके लिए संतुलन की स्थिति भी चाहिए। हमारे लिए इस स्थिति में यह आवश्यक है कि हम गुटों से अलग रहें, क्योंकि इसका अर्थ होगा कि हमारा देश शांतिप्रिय है। ...हम साम्राज्यवाद के विरुद्ध हैं, युद्ध के विरुद्ध हैं और सोवियत संघ से हमारी मित्रता है । सोवियत संघ में हमारे राष्ट्रपति के जाने के पश्चात जब एक पाकिस्तानी प्रतिनिधि वहां पहुंचा, तो उन्होंने उससे दृढ़तापूर्वक कह दिया कि भारत के साथ उनकी मित्रता स्थायी है और इस संबंध में उनके मत को बदलने का प्रयत्न करना निरर्थक है। पाकिस्तान ... ने इस बात का खंडन किया है कि उसने हमारा राज्य-क्षेत्र चीन को दे दिया है और अपने समझौते की शर्तें भी बताई हैं। इस प्रकार दूसरे शब्दों में हम कह सकते हैं कि हम एक ऐसे राष्ट्र पाकिस्तान के साथ बातचीत कर रहे हैं, जिसके एक ओर, घोर पश्चिमी राष्ट्र है और दूसरी ओर, चीन।

# गुरु घासीदास




गुरु घासीदास भारत के छत्तीसगढ़ राय की संत परंपरा में सर्वोपरि हैं। बाल्याकाल से ही घासीदास के हृदय में वैराग्य का भाव प्रस्फुटित हो चुका था। समाज में व्याप्त पशुबलि तथा अन्य कुप्रथाओं का ये बचपन से ही विरोध करते रहे। समाज को नई दिशा प्रदान करने में इन्होंने अतुलनीय योगदान दिया था। सत्य से साक्षात्कार करना ही गुरु घासीदास के जीवन का परम लक्ष्य था। सतनाम पंथ का संस्थापक भी गुरु घासीदास को ही माना जाता है।

### परिचय

गुरु घासीदास का जन्म 1756 ई. में छत्तीसगढ़ के रायपुर ज़िले में गिरौद नामक ग्राम में हुआ था। इनकी माता का नाम अमरौतिन तथा पिता का नाम मंहगूदास था। युवावस्था में घासीदास का विवाह सिरपुर की सफुरा से हुआ। भंडापुरी आकर घासीदास सतनाम का उपदेश निरंतर देते थे। घासीदास की सत्य के प्रति अटूट आस्था की वजह से ही इन्होंने बचपन में कई चमत्कार दिखाए, जिसका लोगों पर काफ़ी प्रभाव पड़ा। इस प्रभाव के चलते भारी संख्या में हज़ारों-लाखों लोग उनके अनुयायी हो गए। इस प्रकार छत्तीसगढ़ में सतनाम पंथ की स्थापना हुई। इस संप्रदाय के लोग गुरु घासीदास को अवतारी पुरुष के रूप में मानते हैं।

### सप्त सिद्धांत

इनके सात वचन सतनाम पंथ के सप्त सिद्धांत के रूप में प्रतिष्ठित हैं, जिसमें सतनाम पर विश्वास, मूर्ति पूजा का निषेध, वर्ण भेद से परे, हिंसा का विरोध, व्यसन से मुक्ति, परस्त्रीगमन की वर्जना और दोपहर में खेत न जोतना हैं।

इनके द्वारा दिये गये उपदेशों से समाज के असहाय लोगों में आत्मविश्वास, व्यक्तित्व की पहचान और अन्याय से जूझने की शक्ति का संचार हुआ। सामाजिक तथा आध्यात्मिक जागरण की आधारशिला स्थापित करने में ये सफल हुए और छत्तीसगढ़ में इनके द्वारा प्रवर्तित सतनाम पंथ के आज भी लाखों अनुयायी हैं।

### समाज सुधार

संत गुरु घासीदास ने समाज में व्याप्त कुप्रथाओं का बचपन से ही विरोध किया। उन्होंने समाज में व्याप्त छुआछूत की भावना के विरुद्ध मनखे-मनखे एक समान का संदेश दिया। छत्तीसगढ़ राय में गुरु घासीदास की जयंती 18 दिसंबर से माह भर व्यापक उत्सव के रूप में समूचे राय में पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जाती है। इस उपलक्ष्य में गाँव-गाँव में मड़ई-मेले का आयोजन होता है।

गुरु घासीदास का जीवन-दर्शन युगों तक मानवता का संदेश देता रहेगा। ये आधुनिक युग के सशक्त क्रान्तिदर्शी गुरु थे। इनका व्यक्तित्व ऐसा प्रकाश स्तंभ है, जिसमें सत्य, अहिंसा, करुणा तथा जीवन का ध्येय उदात्त रुप से प्रकट है। छत्तीसगढ़ शासन ने उनकी स्मृति में सामाजिक चेतना एवं सामाजिक न्याय के क्षेत्र में गुरु घासीदास सम्मान स्थापित किया है।



# अगला आम-बजट कैसा होगा? वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दिए ये संकेत




नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को संकेत दिया कि आगामी बजट सार्वजनिक खर्च के जरिए वृद्धि को बढ़ावा देने पर केंद्रित होगा। अगले बजट में महंगाई पर अंकुश, मांग बढ़ाने, रोजगार सृजन और देश की अर्थव्यवस्था को लगातार आठ फीसदी से अधिक की वृद्धि की राह पर ले जाने के उपायों पर ध्यान दिया जाएगा।

उन्होंने उद्योग मंडल फिक्की के एक कार्यक्रम में यह बात कही। सीतारमण ने कहा कि अगला बजट भी पहले के बजट की तरह ही होगा जो वर्ष 2047 में भारत में रहने वाले बच्चों के लिए देश को तैयार करने का रोडमैप होगा क्योंकि उस समय बच्चे अधिक विकसित भारत में रहने वाले होंगे। सीतारमण अप्रैल से शुरू होने वाले वित्त वर्ष के लिए आम बजट एक फरवरी को पेश करेंगी। यह उनका लगातार पांचवां बजट होगा। कोविड महामारी से उबर रही अर्थव्यवस्था के लिए उन्होंने एक बड़े सार्वजनिक खर्च कार्यक्रम की घोषणा की थी। बजट में वित्त मंत्री ने 2022-23 के लिए पूंजीगत व्यय को 35.4 प्रतिशत बढ़ाकर 7.5 लाख करोड़ रुपये कर दिया था। इससे पिछले साल यह 5.5 लाख करोड़ रुपये था। उल्लेखनीय है कि आम बजट 2023-24 ऐसे समय पेश किया जाना है जबकि कई संस्थानों ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के वृद्धि दर के अनुमान को घटाया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने 2022-23 के लिए भारत के वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है।

वित्त मंत्री ने उद्योग से कहा कि वह विनिर्माण पर ध्यान दे। उन्होंने इन दलीलों को खारिज कर दिया कि भारत को चीन के विनिर्माण आधारित वृद्धि के मॉडल को नहीं अपनाना चाहिए। सीतारमण ने कहा, यदि कुछ इस तरह की आवाजें उठ रही हैं कि भारत को विनिर्माण पर ध्यान केंद्रित नहीं करना चाहिए, सिर्फ सेवाओं पर ध्यान देना चाहिए। उनसे मैं कहूंगी कि ऐसा नहीं हो सकता। हम विनिर्माण पर ध्यान दे रहे हैं। हम सेवाओं के नए क्षेत्रों पर ध्यान दे रहे हैं। सीतारमण ने उद्योग से स्टार्टअप इकाइयों के नवोन्मेषण को देखने और उन्हें बढ़ाने के तरीकों पर विचार करने को कहा। उन्होंने उद्योग जगत से कहा कि वह सरकार को बताए कि जलवायु परिवर्तन उन्हें कैसे प्रभावित कर रहा है। साथ ही वे उनकी लागत पर पड़ रहे बोझ को कम करने के उपाय भी सुझाएं।

भारत को मैन्युफैक्चरिंग सेंटर बनाने की तैयारी- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उद्योग जगत से कहा किया है कि वह पश्चिम में मंदी की आशंका के बीच ऐसी रणनीति बनाए जिससे विकसित देशों में परिचालन कर रही कंपनियां भारत को एक उत्पादन या खरीद केंद्र के रूप में देख सकें। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत ने विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए काफी सुविधाएं दी हैं और नियमों में बदलाव किया है। इसके अलावा हम उन उद्योगों से भी संपर्क कर रहे हैं जो भारत आना चाहते हैं।

## इकोनॉमी के लिए गुड न्यूज, लगातार 5वें हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा



नई दिल्ली (एजेंसी)। देश का विदेशी मुद्रा भंडार नौ दिसंबर को समाप्त सप्ताह के दौरान 2.91 अरब डॉलर बढ़कर 564.06 अरब डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार पांचवें सप्ताह तेजी आई है। पिछले सप्ताह देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 11 अरब डॉलर बढ़कर 561.16 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। आपको बता दें कि अक्टूबर, 2021 में विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था। केंद्रीय बैंक के साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार कुल मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा माने जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां (एफसीए) नौ दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 3.141 अरब डॉलर बढ़कर 500.125 अरब डॉलर हो गईं। इसके अलावा स्वर्ण भंडार का मूल्य सप्ताह में 29.6 करोड़ डॉलर घटकर 40.729 अरब डॉलर रह गया। समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में रखा देश का मुद्रा भंडार भी 20 लाख डॉलर बढ़कर 5.11 अरब डॉलर हो गया। रुपया 82.75 प्रति डॉलर पर बंद अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया शुक्रवार को 82.75 प्रति डॉलर पर लगभग स्थिर बंद हुआ। विदेशों में डॉलर के मजबूत होने और घरेलू शेयरों में भारी बिकवाली दवाब के कारण रुपया 82.89 रुपये प्रति डॉलर के निम्न स्तर को छू गया।

## 1900% का रिटर्न देने वाली कंपनी देगी 3 पर 1 बोनस शेयर का तोहफा, रिकॉर्ड डेट नजदीक



नई दिल्ली (एजेंसी)। स्मॉल कैप कंपनी सार्थक इंडस्ट्रीज लिमिटेड के शेयरों में बीते कुछ सालों के दौरान तेज उछाल देखने को मिला है। यह एलपीजी सिलेंडर बनाने वाली कंपनी अब बोनस शेयर का तोहफा अपने पोजीशनल निवेशकों को देने जा रही है। इस बोनस इश्यू के लिए सार्थक इंडस्ट्रीज लिमिटेड की तरफ से रिकॉर्ड डेट का भी ऐलान कर दिया गया है।

कब है रिकॉर्ड डेट- कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज को दी जानकारी में बताया कि बोर्ड ने 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले तीन शेयर पर एक बोनस शेयर देगी। इस बोनस इश्यू के लिए कंपनी ने रिकॉर्ड डेट 20 दिसंबर 2022 तय किया है। बता दें, सार्थक इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 113.77 करोड़ रुपये का है।

स्टॉक मार्केट में कंपनी ने दिया है ताबड़तोड़ रिटर्न

शुक्रवार को 3.89 प्रतिशत की गिरावट के साथ बीएसई में 163.25 रुपये के लेवल पर क्लोज हुआ था। 5 मार्च 2018 को कंपनी के एक शेयर का भाव 5.95 रुपये था। जोकि बीत 5 सालों में 2,683.19 प्रतिशत तक बढ़ गया है। 3 साल पहले सार्थक इंडस्ट्रीज के एक स्टॉक की कीमत बीएसई में 7.94 रुपये थी। यानी इन तीन सालों में इस स्टॉक ने 1,985.64% का रिटर्न दिया है।

1 साल पहले जिस किसी निवेशक ने इस स्मॉल कैप कंपनी पर दांव लगाया होगा उसका रिटर्न 65 प्रतिशत तक बढ़ गया होगा। वहीं, साल 2022 में अबतक सार्थक इंजस्ट्रीज के शेयरों में 52.35 प्रतिशत की उछाल आई है।

## 13 दिन में 183% चढ़ गए शेयर, तेजी की वजह से कंपनी भी अनजान



नई दिल्ली (एजेंसी)। मोदी ग्रुप की एक कंपनी के शेयर इन दिनों सुर्खियों में हैं। यह कंपनी एसबीईसी शुगर है। शुगर कंपनी के शेयर लगातार 11 दिन से अपर सर्किट पर हैं। पिछले 5 दिन में एसबीईसी शुगर के शेयरों में करीब 22 पर्सेंट की तेजी आई है। वहीं, पिछले 1 महीने में एसबीईसी शुगर के शेयर 177 पर्सेंट चढ़ गए हैं। कंपनी के शेयर शुक्रवार को 67.35 रुपये के अपने नए हाई पर भी पहुंचे हैं। एसबीईसी शुगर के 52 हफ्ते का लो लेवल 21.05 रुपये है।

13 दिन में शुगर कंपनी के शेयरों में 183 पर्सेंट की तेजी- एसबीईसी शुगर के शेयरों में पिछले 13 ट्रेडिंग सेशन में 183 पर्सेंट की तेजी आई है। उमेश मोदी ग्रुप की कंपनी के शेयर 30 नवंबर 2022 को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर 23.80 रुपये के स्तर पर थे। कंपनी के शेयर शुक्रवार 16 दिसंबर 2022 को बीएसई में 67.35 रुपये के स्तर पर बंद हुए हैं। अगर किसी व्यक्ति ने 30 नवंबर को कंपनी के शेयरों में 1 लाख रुपये लगाए होते तो मौजूदा समय में यह पैसा 2.82 लाख रुपये होता। कंपनी का मार्केट कैप 321 करोड़ रुपये है।

# रेखा झुनझुनवाला का यह स्टॉक जाएगा 1500 के पार! एक्सपर्ट ने कहा खरीद लो



नई दिल्ली (एजेंसी)। स्टॉक मार्केट में सही कंपनी की तलाश हर एक निवेशक को रहती है। ब्रोकरेज आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने ऐसे ही एक स्टॉक की पहचान की है जो आने वाले समय में निवेशकों को मालामाल कर सकते हैं। बता दें, इन कंपनियों पर रेखा झुनझुनवाला ने भी पैसा लगाया है। आइए डीटेल्स में जानते हैं इन शेयरों के विषय में -

टाटा का यह स्टॉक पहली पसंद! 37,085.63 करोड़ रुपये के मार्केट कैप वाली टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा कम्युनिकेशन लिमिटेड के शेयरों में आने वाले दिनों तेजी देखने को मिल सकती है। ब्रोकरेज आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने इस टाटा ग्रुप के स्टॉक को 1310-1332 रुपये के रेंज में खरीदने की तलाश कर रहे हैं। ब्रोकरेज हाउस ने टारगेट प्राइस 1535 रुपये और स्टॉप लॉस 1212 रुपये बताया है।

टाटा ग्रुप के इस स्टॉक को लेकर क्या बोल रहे हैं एक्सपर्टआईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने अपने कमेंट्स में कहा है, पिछले एक सप्ताह के दौरान कंपनी के शेयरों में तेजी देखने को मिली है। हमें उम्मीद है कि यह तेजी आगे भी बरकरार रहेगी। कंपनी के शेयर अगले कुछ महीनों में 1535 रुपये के लेवल तक जा सकते हैं।

रेखा झुनझुनवाला की कितनी है हिस्सेदारी टाटा कम्युनिकेंसन्स के शेयरहोल्डिंग पैटर्न के अनुसार चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही तक रेखा झुनझुनवाला के पास कंपनी के 45,75,687 शेयर थे। यानी कंपनी में उनकी कुल हिस्सेदारी 1.61 प्रतिशत होगी।

## एलन मस्क को कम पड़ गया पैसा! ट्विटर के लिए नए इंवेस्टर्स की तलाश



नई दिल्ली (एजेंसी)। टेस्ला और ट्विटर के मालिक दुनिया के दिग्गज बिजनेस मैन एलन मस्क को नए इंवेस्टर्स की तलाश है। रिपोर्ट्स के मुताबिक मस्क को नया इंवेस्टर ट्विटर के लिए चाहिए। खबरें हैं कि वो ऐसा निवेशक तलाश रहे हैं जो ट्विटर पर प्रति शेयर उतना ही भुगतान करे जितना उन्होंने किया था। बता दें, इसी साल अक्टूबर में एलन मस्क ने 54.20 डॉलर प्रति शेयर के हिसाब से ट्विटर को खरीद लिया था।

एलन मस्क के फैमिली ऑफिस के मैनेजिंग डायरेक्टर नए इक्विटी इंवेस्टर्स को खोज रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार मस्क के मनी मैनेजर जारेड बिर्चेल ने हाल ही में कुछ निवेशकों से सम्पर्क भी साधा है। निवेशकों की तलाश ऐसे समय हो रही है जब ट्विटर में ढेर सारे पर्विर्तन देखने को मिले हैं। बड़ी संख्या में कर्मचारियों की छटनी हुई है। कई प्रतिबंधित अकाउंट को बहाल किया गया है। वहीं, कुछ पत्रकारों के अकाउंट एलन मस्क के पर्सनल जानकारी को लीक करने के आरोप में बैन कर दिए गए हैं।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# मप्र के शासकीय विभागों में काम करने वाले लाखों अनियमित कर्मचारी और स्थाई कर्मी 22 दिसंबर को एक दिन की हड़ताल पर रहेंगे

भोपाल । सीधी भर्ती के विरोध में मप्र के शासकीय विभागों में काम करने वाले लाखों अनियमित कर्मचारी और स्थाई कर्मी 22 दिसंबर को एक दिन की हड़ताल पर रहेंगे। मप्र कर्मचारी मंच के प्रांत अध्यक्ष अशोक पांडेय ने एमपी नगर स्थित मसाला रेस्टोरेंट में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि सभी कर्मचारी अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर एक दिन का अवकाश लेकर भोपाल पहुंचेंगे और यहां लिंक रोड नंबर 1 पर चिनार पार्क में एकत्रित होकर धरना देंगे। इस दौरान कर्मचारी मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन जिला प्रशासन के अधिकारियों को सौपेंगे।




शीर्ष न्यायालय के निर्णय के अनुसार काम करे सरकार पांडेय ने बताया कि प्रदेश में काम करने वाले 10 साल की सेवा पूर्ण कर चुके लाखों अनियमित कर्मचारी, स्थायी कर्मी और दैनिक वेतन भोगी नियमित होने का सपना देख रहे हैं। ऐसे में सरकार इन सभी कर्मचारियों के अधिकारों का हनन करके शासकीय विभागों में रिक्त एक लाख पदों पर सीधी भर्ती कर रही है। जबकि 10 अप्रैल 2006 को सर्वोच्च न्यायालय में उमादेवी विरुद्ध कर्नाटक सरकार मामले में शीर्ष न्यायालय ने निर्णय दिया था कि 10 साल की सेवा पूर्ण कर चुके लाखों अनियमित कर्मचारी,45 हजार स्थायी कर्मी और 25 हजार दैनिक वेतन भोगी को नियमित किया जाए, उसके बाद सीधी भर्ती की जाए।इन मांगों को लेकर करेंगे प्रदर्शन

एक लाख शासकीय पदों पर सीधी भर्ती पर रोक लगाकर अनियमित कर्मचारी, स्थायी कर्मी और दैनिक वेतन भोगी को नियमित किया जाए, 2005 के बाद नियुक्त कर्मचारियों, स्थाई कर्मियों और पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिया जाए, एनपीएस वापस ली जाए, स्थायी कर्मियों को छठवें वतन के लागू होने से छठवें वेतनमान का लाभ दिया जाए। 2016 से सातवें वेतनमान का लाभ एरियर सहित दिया जाए। दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को 2004 से न्यूनतम वेतनमान का लाभ एरियर सहित दिया जाए, अनियमित कर्मचारियों, स्थाई कर्मियों, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों, अंशकालीन कर्मचारियों को अनुकंपा नियुक्ति का लाभ दिया जाए, प्रदेश के समस्त विभागों के अंशकालीन कर्मचारियों, वन सुरक्षा श्रमिकों को कलेक्टर दर का न्यूनतम वेतनमान दिया जाए और स्थायी वर्गीकृत किया जाए।

# यदि किसी भी कर्मचारी द्वारा कचरा जलाया जाता है तो उसका 3 दिवस का वेतन काटा जाएगा



ग्वालियर । शहर में स्वच्छता व्यवस्था दुरुस्त करने और आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करने के लिए निगम अधिकारियों द्वारा निरंतर विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण किया जा रहा है। इस अभियान के तहत शुक्रवार को उपायुक्त अमरसत्य गुप्ता ने माधवनगर, हरीशंकरपुरम एवं जीवाजी गंज आदि क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया व कर्मचारियों की उपस्थित चेक की। इसके साथ ही सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कचरा एकत्र करके जलाएं नहीं, यदि किसी भी कर्मचारी द्वारा कचरा जलाया जाता है तो उसका 3 दिवस का वेतन काटा जाएगा। अमरसत्य गुप्ता ने वार्ड 58 स्थित माधवनगर, हरीशंकरपुरम में निरीक्षण किया तथा कर्मचारियों की उपस्थित चेक की तो 5 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थित कर्मचारियों का एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए। वहीं जीवाजी गंज क्षेत्र में भी निरीक्षण कर कर्मचारियों की उपस्थित देखी यहां भी 3 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी भीष्म पमनानी एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री अशोक खरे उपस्थित रहे। वहीं लक्कडखाना क्षेत्र में निगम की डिपो का निरीक्षण किया तथा साफ सफाई रखने एवं वाहनों को समय से निकालने के निर्देश दिए।

एसएलपी कालेज मुरार के रसायन विज्ञान अध्ययनशाला के छात्र छात्राओं ने शुक्रवार को जीवाजी विश्वविद्यालय की सीआइएफ लैब का शैक्षणिक भ्रमण किया।

# कलाकारों ने कबाड़ से 'रुद्र वीणा' बनाई



भोपाल । भोपाल में कबाड़ से रेडियो, गिटार, राजा भोज (नगर निगम) का लोगो और शानदार ग्लोब और कोरोना वैक्सीन की शिल्पकृति के बाद कलाकारों ने कबाड़ से 'रुद्र वीणा' बनाने का कमाल किया है। भोपाल के पवन देशपांडे और देवेंद्र शाक्य कलाकार हैं। उनकी बनाई गई विभिन्न कलाकृतियां वल्लभ भवन सहित कई जगहों की शोभा बढ़ा रही हैं। करीब पांच टन (5 हजार किलो) वजनी इस वीणा की लंबाई 28 फीट, ऊंचाई 12 फीट और चौड़ाई 10 फीट है। हालांकि इसे शहर में किस जगह स्थापित किया जाएगा? अभी यह तय नहीं हो सका है। पवन बताते हैं कि इसे जहां स्थापित किया जाएगा, उसके आसपास विद्युत साज-सज्जा की जाएगी और इसमें एक म्यूजिक सिस्टम भी लगाया जाएगा, ताकि लोग वीणा के मधुर संगीत का आनंद ले सकें। 15 लाख रुपये लागत, दो माह की अथक मेहनत से तैयार हुई वीणा

पवन बताते हैं कि 'कबाड़ से कंचन'थीम पर इस रुद्र वीणा को तैयार किया गया है। भारतीय संस्कृति के प्रचार प्रसार के लिए इसे तैयार किया गया है। रुद्रवीणा हमारी पुरातन संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है, लेकिन नई पीढ़ी इसके बारे में ज्यादा नहीं जानती। इसलिए इस कलाकृति को बनाने का विचार हमारे साथियों ने ही दिया। इसे बनाने में करीब 15 लाख रुपए का खर्च आया है और इसे व्हीकल के स्क्रैप जैसे चेन, गियर, बाल बेयरिंग और तारों से तैयार किया गया है। कलाकारों का दावा है कि रुद्र वीणा की यह कलाकृति विश्व में तैयार अब तक की सबसे बड़ी कलाकृति है। इसे तैयार करने के लिए पवन और देवेंद्र के साथ उनकी कोर टीम के 8 कलाकारों ने करीब दो महीने तक दिन में आठ घंटे काम कर इसे तैयार किया है। पवन बताते हैं कि हर प्रोजेक्ट की तरह यह प्रोजेक्ट भी आसान नहीं था। चार महीने तक केवल इसकी तैयारी में ही लग गए।

# छात्र छात्राओं ने चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग के खिलाफ प्रदर्शन कर इस्तीफे की मांग करते हुए उनका का पुतला फूंका

भोपाल। मध्यप्रदेश एनएसयूआई मेडिकल विंग के नेतृत्व में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं और छात्र छात्राओं ने चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग के खिलाफ प्रदर्शन कर इस्तीफे की मांग करते हुए उनका का पुतला फूंका है। एनएसयूआई मेडिकल विंग के पूर्व प्रदेश समन्वयक रवि परमार ने चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में मेडिकल विश्वविद्यालय नर्सिंग काउंसिल और पैरामेडिकल काउंसिल द्वारा फर्जी मेडिकल और फर्जी नर्सिंग को मान्यता थोक में बांटी जा रही हैं । वहीं नहीं मेडिकल विश्वविद्यालय और नर्सिंग काउंसिल में फर्जी और अयोग्य अधिकारियों को बैठा कर परीक्षाओं में घोटाले करवा रहे हैं जिसकी वजह से मध्यप्रदेश के लाखों मेडिकल छात्र छात्राओं का भविष्य अंधकारमय हो गया है




रवि परमार ने बताया कि विश्वास सारंग हर रोज देश दुनिया की राजनीति की बात करते हैं लेकिन उनका उनके विभाग पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं ना ही उनको चिकित्सा शिक्षा विभाग का पूर्ण ज्ञान है। जिसकी सजा मध्यप्रदेश के हजारों कर्मचारी और लाखों छात्र छात्राएं भुगत रहे हैं । मेडिकल कालेजों में कर्मचारियों पर तानाशाही रवैया अपनाया जा रहा है। मेडिकल विश्वविद्यालय और मेडिकल कालेजों में कई पद रिक्त हैं उन पर जल्दी भर्ती प्रक्रिया शुरू कर जिससे विभाग की व्यवस्थाओं में सुधार हो सके।

उन्होंने बताया कि मेडिकल विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं की परीक्षाएं पिछले तीन सालों से नहीं हुई ना ही विश्वविद्यालय द्वारा समय पर परीक्षा परिणाम घोषित किए जाते हैं। मेडिकल विश्वविद्यालय द्वारा पिछले महीने लाखों रूपए का लेन देन कर सैकड़ों फर्जी नर्सिंग कालेजों को 2020-21 सत्र की मान्यता दी गई । जिससे स्पष्ट होता है कि प्रदेश में विश्वास सारंग बड़ा घोटाला कर रहे है । वहीं पुराने मामला अब तक नहीं सुलझा है, जिससे मध्यप्रदेश में नर्सिंग कालेजों के फर्जीवाड़े से करीब 15 हजार छात्रों का भविष्य खतरे में पड़ गया है। नर्सिंग काउंसिल की रजिस्ट्रार सुनीता शिजु को सस्पेंड कर दिया गया था । इसके साथ ही 93 नर्सिंग कालेजों की मान्यता रद्द की गई थी । लेकिन उसके बाद 80 नर्सिंग कालेजों मान्यता 1 महीने के अंदर ही बहाल कर दी गई।रवि परमार ने कहा कि मेडिकल कालेजों में नर्सिंग आफिसर और कर्मचारियों के स्थानांतरण और आपसी सहमति से अदला बदली का नियम है उसमें तत्काल बदलाव कर सामान्य प्रशासन के जो नियम है वो लागू किए जाएं।

नियम 10(अ) का संशोधन किया जाए नवीन नियुक्ति में वरिष्ठता का ध्यान रखा जाए प्रतिनियुक्ति कम से कम 15 साल के लिए मान्य की जाए (एनएसयूआई ने विश्वास सारंग के इस्तीफे की मांग करते हुए हुए कहा कि अगर जल्दी विश्वास सारंग इस्तीफा नहीं देंगे तो एनएसयूआई पूरे प्रदेश में उग्र प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे।इस मौके पर राजवीर सिंह लक्की चौबे ईश्वर चौहान मोहित पटेल विराज यादव जितेंद्र विश्वकर्मा पर्व ठाकुर डा राम बाबू नागर डा रूपेश विश्वकर्मा डा अनिल यादव डा हिमांशु शिवा दांगी जिशान खान राज जयसवाल यामिर खान डा दिनेश दांगी और सभी कार्यकर्ता और छात्र छात्राएं मौजूद थे।



# होलकर मंडी में ओटलों पर व्यापार करने वाले खेरची व्यापारियो का व्यापार प्रभावित हो रहा हैं




इंदौर । देश की सबसे बड़ी सब्जी मंडी देवी अहिल्याबाई होलकर मंडी में ओटलों पर व्यापार करने वाले खेरची व्यापारियो का व्यापार प्रभावित हो रहा हैं। मंडी शुल्क चुकाने के बाद भी ग्राहक ओटलों तक नहीं पहुच पा रहे। मंडी के बाहर और अंदर थोक मंडी में खेरची वाले दुकान जमा कर बैठे हैं। इससे ओटलों तक ग्राहक नहीं पहुंच पा रहे हैं। परेशान व्यापारियों ने कई बार मंडी प्रबंधन से शिकायत की लेकिन समाधान नहीं हो सका। अब कलेक्टर से मामले को लेकर शिकायत की गई हैं।देवी अहिल्याबाई होलकर फल एवं सब्जी मंडी की समस्या का निराकरण नहीं होने की शिकायत कलेक्टर तक पहुंची। मंडी के छोटे व्यापारियों ने अपनी समस्या का निराकरण करने संबंधी ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से बताया कि साल 2004 से मंडी के हरी सब्जी सेक्टर में छोटे व्यापारियों को व्यवसाय के लिए ओटलों का निर्माण कर बैठकी शुल्क जमा करवाया गया है। इसके बावजूद थोक सेक्टर में हरी सब्जी का खेरची व्यवसाय चलने की वजह से ओटलाधारी छोटे व्यापारियों का व्यवसाय प्रभावित हो रहा है।इससे छोटे व्यापारी बकाया शुल्क भी जमा नहीं कर पा रहे है। जय देवी नई हरी सब्जी व्यापारी एसोसिएशन के सचिव उमाशंकर रायकवार ने बताया संस्था के कई सदस्य बैठकी शुल्क ओटलों का बचा हुआ किराया एकमुस्त भरने को तैयार है। हम चाहते हैं कि हरी सब्जी का व्यवसाय खेरची में ओटलों पर ही हो। अन्य जगह थोक सेक्टर में रोड किनारे खेरची व्यवसाय प्रतिबंधित किया जाए।

मंडी शुल्क का हो रहा नुकसानओटलाधारी व्यापारी शुल्क जमा करते हैं। इससे मंडी प्रबंधन को शुल्क मिलता हैं, लेकिन मंडी में बैठकर खेरची में माल बेचने से शुल्क का नुकसान हो रहा हैं। वहीं नोटिस देकर शेष ओटले वाले व्यापारियों का बकाया शुल्क वसूल जाना चाहिए। शुल्क जमा नहीं करने वाले ओटले निरस्त कर नए व्यापारी सदस्यों को आवंटित करने की प्रक्रिया की जाए। इससे सभी छोटे व्यापारियों का व्यवसाय चले और मंडी प्रशासन की आय में वृद्धि हो ।

व्यापारियों का कहना है कि छोटे व्यापारियों के सेक्टर में सुरक्षा की व्यवस्था की जाए। छोटे व्यापारियों के मार्केट में मंडी ऑफिस के पीछे की ओर से एक गेट दिया जाए। ताकि खरीदार अपनी गाड़ी यहीं पार्क कर सीधे खरीदारी कर बाहर निकल सके। खरीदार को भीड़ में न जाना पड़े, जिससे ट्रैफिक व्यवस्था बनी रहेगी। थोक सेक्टर में कैमरे से निगरानी कर खेरची व्यापारियों पर प्रतिबंध लगाया जाए।

## जिले में मुख्यमंत्री विवाह/निकाह सामूहिक सम्मेलन का आयोजन 18 जनवरी को सोनकच्छ कृषि उपज मंडी में

देवास। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह/निकाह योजनांतर्गत निराश्रित निर्धन परिवार की कन्या/विधवा/परित्यकता के लिए निःशुल्क सर्वधर्म सामूहिक विवाह/निकाह सम्मेलन दिनांक 18 जनवरी 2023 को स्थान कृषि उपज मण्डी प्रांगण सोनकच्छ में आयोजित किया जा रहा है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सोनकच्छ ने बताया कि जनपद पंचायत सोनकच्छ में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह/निकाह योजनांतर्गत निराश्रित निर्धन परिवार की कन्या/विधवा/परित्यकता हेतु निःशुल्क सर्वधर्म सामूहिक विवाह/निकाह सम्मेलन 18 जनवरी 2023 को स्थान कृषि उपज मण्डी प्रांगण सोनकच्छ में आयोजित किया जा रहा है। उक्त सम्मेलन में आवेदक के लिए आय का कोई बंधन नहीं रहेगा। आवेदन 03 जनवरी 2023 तक कार्यालय जनपद पंचायत सोनकच्छ प्राप्त किये जायेगे। पंजीयन की व्यवस्था कार्यालय जनपद पंचायत सोनकच्छ में की गई है। इस के लिए संबंधित वर-वधू अपना आवेदन नियमानुसार समस्त प्रक्रिया पूर्ण कर प्रस्तुत करें।

मुख्यमंत्री विवाह/निकाह सामूहिक सम्मेलन के लिए आवश्यक दस्तावेज आवेदन के साथ सलंग्न करना होगा, जिनमें वर-वधु के अभिभावक का म.प्र. के मूल निवासी होने का प्रमाण-पत्र, वर-वधु के समग्र परिवार आई.डी तथा वर-वधु का आधार कार्ड लगाना होगा। इसके साथ ही वर-वधु का आयु प्रमाण पत्र ( वधु की न्यूनतम आयु 18 वर्ष, वर की न्यूनतम आयु 21) आयु हेतु निम्न में से कोई एक दस्तावेज आवश्यक है (अंकसूची, टी.सी., जन्म प्रमाण-पत्र, मतदाता सूची. शासकीय चिकित्सक द्वारा जारी आयु प्रमाण पत्र, जॉब कार्ड)। वर-वधू के पासपोर्ट साईज के 3-3 फोटोग्राफ्स लगाना होगा। वर-वधू एवं अभिभावक का मोबाइल नंबर, कल्याणी (विधवा) होने की स्थिति में पूर्व पति का मृत्यु प्रमाण-पत्र आवेदन के साथ सलंग्न करना होगा। विधुर होने की स्थिति में पूर्व पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, परित्यक्ता महिला-पुरुष होने की स्थिति में कानूनी रूप से तलाक होने का न्यायलयीन ओदश की प्रतिलिपि। शौचालय का प्रमाण-पत्र, दिव्यांग होने पर दिव्यांगता प्रमाण-पत्र लगाना होगा। वर-वधु का नोटराइज्ड शपथ पत्र इस आशाय की पूर्व से विवाहित नहीं है पूर्व में इस योजना का लाभ नहीं लिया है।

## उपभोक्ताओं की संबंधी 31 प्रकरणों का आपसी सहमति से किया गया निराकरण

इंदौर। संभाग में आज सम्पन्न हुए ग्राहक मध्यस्थता समाधान कार्यक्रम में आपसी सहमति से 31 प्रकरणों का निराकरण किया गया। निराकृत प्रकरणों में 26 लाख 28 हजार रूपये के अवार्ड पारित किये गये।

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग इंदौर क्रमांक-1 के अध्यक्ष श्री बलराज कुमार पालोदा द्वारा बताया गया कि यह कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक विरण मंत्रालय, नई दिल्ली के आदेश एवं निर्देशानुसार तथा मध्यप्रदेश राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग भोपाल के अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्री शांतनु .एस. केमकर के मार्गदर्शन में आज शुक्रवार को आयोजित किया गया। इसमें मुख्य जिला उपभोक्ता आयोग क्रमांक-1 इंदौर में 16 एवं सम्बद्ध जिला आयोग धार में दो, जिला आयोग खण्डवा में दो, जिला आयोग मण्डलेश्वर में तीन, जिला आयोग बडवानी में एक एवं जिला आयोग बुरहानपुर में सात इस प्रकार कुल 31 प्रकरणों का निराकरण आपसी राजीनामे के आधार पर किया गया। निराकृत प्रकरणों में कुल 26 लाख 28 हजार 728 रूपये के अवॉर्ड पारित किये गये।

## रुक्मणि विवाह संपन्न, हवन-भंडारे का साथ होगा आज होगा समापन

इंदौर। सिंगापुर टाउनशिप में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में सन्त मदन मोहनदास महाराज ने कृष्ण रुक्मणि विवाह प्रसंग सुनाया। विवाह से उपस्थित हजारों की तादाद में भक्तगण जमकर झूमे नाच रहे थे।

विराट जन सेवा समिति वह मंत्री तुलसी सिलावट के नेतृत्व में चल रही भागवत कथा में हजारों की तादाद में भक्तगण शामिल हुए। भाजपा नेता चिंटू सिलावट ने बताया कि आरती के बाद लक्की ड्रा खोला गया। जिसमें 5 लोगो को वाशिंग मशीन दी गई। सभी भक्तों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। कल कथा का समापन होगा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिक्षा मंत्री मोहन यादव, मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा, निशांत खरे, वरिष्ठ भाजपा नेता मधु वर्मा, मोहन सेंगर, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, सुरेश कुरवाड़े, कीर समाज अध्यक्ष कोमल सिंह वाडिया, विनय पिंगले, वरिष्ठ पत्रकार अमित मंडलोई, महेंद्र सोनगरा, मनोज ठाकुर उपस्थित हुए। जिसमें तकरीबन पचास हजार लोगों को भोजन कराया जायेगा। 51 जोड़ो द्वारा हवन किया जाएगा। व्यासपीठ का पूजन हरिओम मीणा ने किया।

# कलेक्टर श्री गुप्ता ने बागली विकासखंड के विभिन्न ग्रामों का किया निरीक्षण

## निरीक्षण के दौरान संतोषजनक कार्य नहीं करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों को नोटिस जारी करने के दिए निर्देश



देवास। कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने आज बागली विकासखंड के हाटपीपल्या, ग्राम लिंबोदा, कमलापुर, नयापुरा सहित अन्य ग्रामों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री गुप्ता ने संतोषजनक कार्य नहीं करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस दौरान ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने ग्राम पंचायत लिंबोदा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गंदगी पाए जाने पर सचिव अरविंद व्यास, सहायक सचिव ईश्वर पाटीदार को नोटिस जारी करने तथा साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। हाटपीपल्या में हाटपीपल्या से देवगढ़ मार्ग पर काम बंद होने पर ईई पीडब्ल्यूडी को नोटिस करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने सिविल हॉस्पिटल हाटपीपल्या का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कहा कि सिविल हॉस्पिटल हाटपीपल्या में भूमि उपलब्ध है, नवीन हॉस्पिटल भवन और आवासीय भवन के लिए जमीन आवांटित करने के लिए शासन को पत्र लिखे।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने ग्राम कमलापुर के शासकीय माध्यमिक स्कूल का निरीक्षण किया। स्कूल में अच्छा कार्य करने पर प्रिंसिपल शासकीय माध्यमिक शाला कमलापुर को प्रशस्ति पत्र जारी करने के निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र जारी कर शाला विकास निधि से उक्त शाला में कम्प्यूटर टीचर उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए। माध्यमिक कमलापुर हाईस्कूल शिक्षिका नसरीन खान लंबे समय से मेडिकल अवकाश पर हैं, उन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने ग्राम पंचायत नयापुरा व अन्य ग्रामों का निरीक्षण किया। इस दौरान स्टॉप डेम, नल जल योजना अंतर्गत बनाई गई पानी की टंकी का निरीक्षण किया। इस दौरान आवश्यक दिशा निर्देश संबंधितों अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने धनतालाब नल जल योजना में ट्रांसफॉर्मर हेतु जांच के लिए डी ई एमपीईबी को पत्र लिखने के निर्देश दिए और कहा कि इसकी पूरी जानकारी बनाकर दें। उन्होंने निर्देश दिए कि नल जल योजना के लिए विद्युत कनेक्शन दूरस्त करें। उपसंचालक पशुपालन को गौशाला ग्राम चारिया की गौ संवर्धन बोर्ड की राशि न मिलने के संबंध में तथा दाने का पैसा कटने के बावजूद दाना न मिलने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।। कलेक्टर श्री गु?ता ने ग्राम पंचायत पलासी का निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत पलासी के निरीक्षण के दौरान बताया गया कि है की जलकर की वसूली नियमित नहीं हो रही एवं जलकर की वसूली के बाद जल निगम को भी उसका एक भाग अंतरित किया जाना है। इसके लिए सचिव दीपक मनसोरे को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है।

# इंवेस्टर्स समिट के दौरान ही इंदौर के नए औद्योगिक क्लस्टर के लोकार्पण की तैयारी

इंदौर। इंवेस्टर्स समिट के दौरान ही इंदौर के नए औद्योगिक क्लस्टर के लोकार्पण की तैयारी हो रही है। रंगवासा-राऊ में कनफेक्शनरी क्लस्टर में सात फैक्ट्रियां बनकर तैयार हैं। तीन साल पहले इस क्लस्टर की नींव रखी गई थी। अब कनफेक्शनरी क्लस्टर का विकास कार्य इसी महीने पूरा करने की कोशिश में मप्र औद्योगिक विकास निगम (एमपीआइडीसी) जुट गया है। बिजली ग्रिड का अधूरा निर्माण क्लस्टर को उत्पादन के स्तर पर आने से रोक रहा है। ग्रिड का काम पूरा होते ही पूरी क्षमता से फैक्ट्रियां संचालित करने की क्षमता आ जाएगी।

राऊ-रंगवासा में लगभग 50 एकड़ जमीन कनफेक्शनरी क्लस्टर के लिए आवंटित की गई थी। 52 कंपनियों को यहां जमीन दी गई है। इस बीच धीमी रफ्तार से हो रहे विकास कार्य के चलते बीते दिनों क्लस्टर में जमीन लेने वाले उद्योगपतियों ने शिकायत भी की थी। बीते दिनों क्लस्टर में आधारभूत ढांचे का निर्माण पूरा हो चुका है। एमपीआइडीसी ने ठेकेदार को 31 दिसंबर तक शेष सभी काम पूरे करने का निर्देश दिया है।क्लस्टर में 200 करोड़ का निवेश - एमपीआइडीसी चाहता है कि 11-12 जनवरी को इंदौर में होने वाली ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के दौरान या ठीक पहले इस क्लस्टर का लोकार्पण कर दिया दिया जाए। संभवतः मुख्यमंत्री क्लस्टर का फीता काटेंगे। क्लस्टर में लगने वाले उद्योगों से करीब 200 करोड़ रुपये का निवेश और हजारों लोगों को रोजगार मिलने का दावा किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इंदौर कनफेक्शनरी उद्योग का गढ़ बन चुका है। छोटी-मध्यम और सूक्ष्म इकाइयां मिलाकर शहर में 150 से ज्यादा कनफेक्शनरी निर्माता अभी उत्पादन कर रहे हैं।ट्रायल हुआ शुरू - इंदौर कनफेक्शनरी एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश चौधरी के अनुसार, क्लस्टर में सात फैक्ट्रियां न केवल बनकर तैयार हैं, बल्कि मशीनें भी लग चुकी हैं। इन फैक्ट्रियों ने उत्पादन का ट्रायल भी शुरू कर दिया है। फिलहाल बिजली के अस्थायी कनेक्शन दिए गए हैं।

## अर्जेंटीना से सोयाबीन की सप्लाई धीरे-धीरे घटने लगी

इंदौर । अर्जेंटीना से सोयाबीन की सप्लाई धीरे-धीरे घटने लगी है। दरअसल, किसान अभी भी 26 प्रतिशत फसल रोके हुए हैं। इस साल सोयाबीन का इंपोर्ट केवल 4.26 लाख टन हुआ है, जो पिछले साल 43.61 लाख टन था। सप्लाई की कमी से सोया कांप्लेक्स का एक्सपोर्ट भी पिछले साल से कम है। सोयाबीन इस साल 45.66 लाख टन एक्सपोर्ट हुआ है। पिछले साल 53.68 लाख टन हुआ था।

इसी तरह सोया मील 208.22 लाख टन निर्यात हुआ है जो बीते साल 53.68 लाख टन था। सोया तेल 38.98 लाख टन, पिछले साल 53.68 लाख टन, बायो डीजल 10.32 लाख टन और पिछले साल 11.99 लाख टन निर्यात हुआ था। अर्जेंटीना ब्राजील अब अगली सोया फसल कम होने को गंभीरता से ले रहे हैं। सीबोट ने बायो डीजल ब्लेंड में कमी का असर बनाया तो अर्जेंटीना ब्राजील ने सीबोट से सोया तेल के डिस्काउंट भी एक महीने में 1400 पाइंट से कम करके 600 पाइंट कर दिए हैं। अर्जेंटीना, ब्राजील, अमेरिका की मील भी बढ़ते-बढ़ते 540 डालर हो गई है। इसका असर आगे भारतीय बाजारों पर भी देखने को मिल सकता है लेकिन फिलहाल घटी हुई कीमत पर सोयाबीन की बिक्री सुस्त है। यही वजह है कि सोयाबीन प्लांट खरीदी भाव शुक्रवार को 50 रुपये घटाकर नीचे में 5500 और ऊपर में 5675 रुपये प्रति क्विंटल पर बोले गए।




अवन्तिकायाम विहिव्तारम मुक्ति प्रदायनाय च सजनाम,
अकाल मृत्यु परिरक्शनाय, वन्दे महाकाल महा सुरेश्वरम
भूतभावन भगवान श्री महाकाल महाराज सभी को आरोग्यता प्रदान करें

# उच्च शिक्षा मंत्री डॉ.यादव अन्तराष्ट्रीय ज्योतिष महाधिवेशन के शुभारम्भ में शामिल हुए



उज्जैन । प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ.मोहन यादव शनिवार को विक्रम कीर्ति मन्दिर के सभाकक्ष में विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन और महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ एवं पूर्णश्री फाउण्डेशन द्वारा आयोजित किये गये विक्रम संवत पंचांग और ज्योतिष विषयों पर केर्न्रित अन्तरराष्ट्रीय ज्योतिष महाधिवेशन के शुभारम्भ में शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि इस दो दिवसीय महाधिवेशन में देश और विभिन्न देशों से आये ज्योतिष शामिल हुए हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.अखिलेश कुमार पाण्डेय ने की। बतौर विशिष्ट अतिथि महर्षि पाणिनी संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.विजय कुमार सी.जी., श्री संजय नाहर, श्री राजेश कुशवाह और विक्रम विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ.प्रशांत पुराणिक कार्यक्रम में शामिल हुए।

मंत्री डॉ.यादव ने इस अवसर पर कहा कि ज्योतिष विज्ञान बहुत बड़ा शार्स है। आज इस महाधिवेशन में देशभर से ज्योतिष आये हैं। सम्राट विक्रमादित्य और वराहमिहिर की पावन नगरी में यह अधिवेशन हो रहा है। यह हम सबके लिये बड़े हर्ष और गौरव की बात है। हम सभी जानते हैं कि विक्रम संवत का प्रवर्तन उज्जैन से हुआ था। कई कथाओं में विक्रम बेताल का जिक्र किया जाता है। बेताल विक्रम के साथ रहते थे। वे भूत, वर्तमान और भविष्य के ज्ञाता थे। खगोलशार्स्य, भौतिकशार्स का पूरा गणित भारत के ज्ञान पर आधारित है।

कार्यक्रम में डॉ.पुराणिक और डॉ.रमण सोलंकी द्वारा अतिथियों का स्वागत कर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किये गये। स्वागत भाषण प्राध्यापक प्रो.प्रीति पाण्डेय द्वारा दिया गया। डॉ.प्रशांत पुराणिक ने महाधिवेशन कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए कहा कि सम्राट विक्रमादित्य ने विदेशी आक्रमणकर्ता शकों को पराजित कर भारत का गौरव बढ़ाया था।

इस दौरान उन्होंने विक्रम संवत का शुभारम्भ किया था, परन्तु कैलेण्डर एवं कई पंचांगों में वर्तमान में भी शक संवत प्रचलित है। इसे हटाये जाने की आवश्यकता है।

विक्रम संवत को राष्ट्रीय संवत घोषित किया जाये। इसी उद्देश्य के साथ आज का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। अतिथियों द्वारा मंच से हिन्दी और कन्नड़ भाषा में प्रकाशित किये गये वराहमिहिर पंचांग, तेलुगु भाषा में प्रकाशित आद्यापल्ली पंचांग और विदिशा में प्रकाशित शिव पंचांग का विमोचन किया गया।

# बाबा गुमानदेव हनुमान मंदिर पर 11 दिवसीय महोत्सव की हुई पूर्णाहुति

उज्जैन। पीपलीनाका रोड़ स्थित अतिप्राचीन बाबा गुमानदेव हनुमान मंदिर पर आयोजित 11 दिवसीय महोत्सव की पूर्णाहुति श्री हनुमान अष्टमी को दोपहर अभिजीत मुहूर्त 12.15 पर हुई। हनुमान अष्टमी के पावन अवसर पर बाबा गुमानदेव हनुमानजी का आकर्षक श्रृंगार किया गया। जिसमें जयपुर से ख़ास जरी की पोषाक बनवा कर बाबा को धारण करवायी। स्वर्ण आभूषण से अलंकृत किया। संपूर्ण मंदिर को सुगंधित पुष्पों से सजाया गया एवं आकर्षण विद्युत सज्जा की गई।

पुजारी पं. चंदन श्यामनारायण व्यास ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हनुमान अष्टमी महोत्सव का अद्भुत आयोजन उल्लास के साथ मनाया गया। हनुमान अष्टमी पर प्रातः 9 बजे मंगल आरती कर रात्रि 8.30 बजे महाआरती की गई। जिसमें उच्च शिक्षा मंत्री डॉ मोहन यादव, विधायक महेश परमार, भागवत प्रवक्ता पंडित अर्जुन गौतम, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राजपाल सिंह सिसोदिया, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष अनंतनारायण मीणा,





वरिष्ठ अभिभाषक रविंद्र त्रिवेदी, कांग्रेस शहर अध्यक्ष रवि भदौरिया, अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र चतुर्वेदी, अनिल जैन कालूखेड़ा, पार्षद जगदीश पांचाल, पार्षद संतोष यादव, पार्षद सपना सांखला, पूर्व निगम सभापति सोनू गहलोत, पूर्व पार्षद गिरीश शास्त्री, डॉ. निश्चल यादव, महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति सदस्य पं. राजेंद्र शर्मा, पं. राम पुजारी, पंजाब नेशनल बैंक शाखा के मुख्य प्रबंधक नीरज कुमार, पं. दीनदयाल दुबे, विजय बलदिया, देवदत्त शर्मा, पं. राम शुक्ला, ओम त्रिवेदी, डॉ मनु शर्मा, विक्की यादव, आशुतोष मीणा, ललित मीणा, चमू मीणा, मनसुख झँवर, स्वाति त्रिवेदी, डॉ. श्रद्धा व्यास, जया व्यास, राधिका शर्मा, चंचल शुक्ल, विजिया शर्मा आदि शहर के गणमान्यजन उपस्थित हुए।

# श्रीपाल शर्मा का राष्ट्रीय बॉक्सिंग स्पर्धा में चयन हुआ

उज्जैन । ग्राम सेमलिया के श्रीपाल शर्मा का उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन और राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ था जिसमें 75 किलोग्राम केटेगरी में श्रीपाल शर्मा ने गोल्ड मेडल के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया था वहीं उनके श्रेष्ठ प्रदर्शनों को देखते हुए उनका राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में चयन हुआ है।

श्रीपाल शर्मा महाकालइंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मास्यूटिकल स्टडीज में बी फार्मा तृतीय वर्ष में अध्ययनरत हैं। शर्मा 2 जनवरी को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए हरियाणा राज्य के रोहतक के लिए रवाना होंगे। शर्मा की इस उपलब्धि पर स्वजन एवं मित्रगण एवं संपूर्ण महाविद्यालय परिवार ने बधाई दी।

# लोकतंत्र को बचाने हेतु चुनाव व्यवस्था में करना होगा सुधार




उज्जैन। प्रख्यात पत्रकार, स्वाधीनता सेनानी एवं पूर्व सांसद स्व.कन्हैयालाल वैद्य की 48वीं पुण्यतिथि के अवसर पर राजेन्द्र जैन सभागृह में लोकतंत्र में चुनौतियां और समाधान विषय पर व्याख्यानमाला का आयोजन हुआ।

मुख्य अतिथि वयोवृद्ध स्वाधीनत संग्राम सेनानी एवं वरिष्ठ पत्रकार प्रेमनारायण नागर थे। समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेस नेता शांतिलाल छजलानी ने की। समाजवादी चिंतक, लेखक एवं पूर्व विधायक डॉ.सुनीलम ने बतौर वक्ता विचार रखे।

साहित्यकार डॉ.पुष्पा चौरसिया एवं चिंतक मामा बालेश्वरदयाल के शिष्य गोरासिंह भी मंचासीन थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि 97 वर्षीय सेनानी श्री नागर ने महात्मा गांधी, पं.जवाहरलाल नेहरू एवं सरदार वल्लभभाई पटेल के बीच आजादी के तत्काल बाद का एक संवाद का संस्मरण ताजा किया। देश में तब और अब की स्थिति पर चिंता जाहिर करते हुए वे बोले, देश क्या था और अब क्या हो गया ? गांव अब उजड़ रहे हैं। आजादी को खतरा हो गया।

लोकतंत्र में चुनौतियां मुख्य वक्ता डॉ.सुनीलम ने कहा, लोकतंत्र को बचाना है तो चुनावी व्यवस्था में सुधार करना होगा। चुनाव आयेग इन दिनों स्वतंत्र रूप से कार्य नहीं कर रहा है। यह सरकार की कठपुतली बन गया। उन्होंने इस मौके पर कार्यपालिका पर भी सवाल उठाए और बोले, देश में कार्यपालिका ही सबसे ज्यादा करप्ट हो चुकी है। लोकतंत्र पर तंत्र हावी है।

चुनावी तंत्र तो लोकतंत्र के खिलाफ कार्य कर रहा है। यहां तक कि देश का सामाजिक ताना-बाना भी लोकतंत्र के विरोध में खड़ा है। आज तानाशाही से संविधान को कुचला जा रहा है। सामाजिक व्यवस्था ने भी प्रजातंत्र को कबूल नहीं करने का कार्य किया है। राजनीति पर धनतंत्र का रूतबा है। आज देश में यह स्थिति है कि किसी भी दल में एक ईमानदार कार्यकर्ता के लिए चुनावी टिकट के लिए कोई गुंजाइश नहीं बची है।

# ग्राम पटेलों का हुआ महाकुंभ, 24 दिसंबर को मुख्यमंत्री का करेंगे घेराव

उज्जैन। अपने अधिकार की मांग को लेकर ग्राम पटेलों का महाकुंभ शनिवार 17 दिसम्बर को चिंतामण गणेश मंदिर, महाकाल गार्डन पर आयोजित किया। महाकुंभ के माध्यम से हम यह निर्णय लेंगे कि सरकार या तो ग्राम के पटेलों का पद सक्रिय करे या इसे समाप्त करे। प्रदेश अध्यक्ष राजेश पटेल चुमली ने बताया आदर्श ग्रामीण पटेल संघ मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित महाकुंभ में मप्र के सभी जिलों के ग्राम पटेलो ने भाग लिया।

सर्वप्रथम बाबा महाकाल के चित्र पर माल्यार्पण किया गया एवं ग्राम पटेल संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश पटेल ने झाबुआ मेघनगर से आए ग्राम सरपंचों का साफा बांधकर एवं उनके चरण जल से धोकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस ग्राम पटेल महाकुंभ में पूरे मध्य प्रदेश से करीब दस हजार ग्राम पटेल ने भाग लिया। आपने कहा कि ग्राम पटेलों की नाराजगी का परिणाम आने वाले दिनों में सरकार को भुगतना पड़ेगा।



ग्राम पटेल ने निस्वार्थ भाव से बिना किसी भेदभाव के गांव की सेवा की है। उसी सच्चे जनसेवक के ग्राम पटेलों के साथ सरकार ने आज तक न्याय नहीं किया है लेकिन अब गांव के पटेल इस अन्याय को बर्दाश्त नहीं करेगा। पुराने समय की व्यवस्था में जमीनों की राजस्व वसूली जमीनों की नपति आदि कार्य पटेल समुदाय के हाथों में थे पटेल समुदाय ही खेतों की राजस्व वसूली किया करते थे। वही विवादित जमीनों की नपती व उनका समझौता किया करते थे। ग्राम के विकास आदि उनके हाथों में थे आज की वर्तमान परिस्थिति में यह समस्त अधिकार शासन ने पटवारी के हाथों में सौंप दिए हैं। इसी तारतम्य में आदर्श ग्राम पटेल संघ के अध्यक्ष राजेश पटेल ने बताया राजस्व की वसूली सहित अन्य जमीन से संबंधित कार्यों को शासन द्वारा पटवारी के हाथों में सौंपना पटेल समुदाय की अनदेखी है। इसी मांग को लकेर मध्य प्रदेश के सभी ग्राम पटेल 24 दिसंबर को भोपाल में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के बंगले का घेराव कर प्रदर्शन किया जाएगा। यहां सभी पटेलों से ग्राम पटेल संघ के अध्यक्ष राजेश पटेल ने भोपाल आने का आग्रह किया। सभी पटेलों ने आश्वासन दिया कि हम सब लोग आपके साथ हैं हम 24 तारीख को भोपाल में भव्य पैमाने पर उपस्थित होंगे।

# दो सूत्रीय मांगों के निराकरण हेतु रविदास समाज ने महापौर को सौंपा ज्ञापन

उज्जैन। संत रविदास शोध संस्थान (म.प्र.) के संयोजन में प्रांताध्यक्ष भगवान खाण्डेगर के नेतृत्व में संस्थान पदाधिकारियों ने महापौर मुकेश टटवाल को महापौर निवास पहुंचकर 2 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा तथा समाज हित, पर्यावरण हित, धर्महित में इनके त्वरित निराकरण की मांग की।

बद्रीलाल गोयल के अनुसार क्षिप्रा तट उज्जैन स्थित संत रविदास घाट पर संत शिरोमणि श्री संत रविदासजी महाराज की प्रतिमा स्थित है जो कि खुले में स्थित होने से यहां पर आये दिन पशु पक्षियों के कारण अस्वच्छता का वातावरण निर्मित होता है। इसके निदान हेतु महाराजश्री की प्रतिमा पर शेड निर्मित करवाये जाने की मांग की गई। दूसरी ओर क्षिप्रा तट पर संत श्री रविदास घाट के समीप एक काम्प्लेक्स के प्रचलित निर्माण पर आपत्ति जताते हुए समाजजनों ने कहा कि एक ओर शासन करोड़ों रूपये क्षिप्रा नदी के शुद्धिकरण हेतु व्यय करने जा रही है व यहां नदी पर काम्प्लेक्स बनने से धार्मिक भावना आहत करने व नदी को प्रदूषित करने का कार्य चल रहा है इस विरोधाभासी कार्य को भी तत्काल रोकने की मांग की गई।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com